तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 16/2020 अनवान भोपालाराम बनाम मूमल**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए
16.04.21	वकील प्रार्थीगण के आवेदन पर यह पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थीगण की और से एक राजीनामा प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 03 से 05 के पूर्वज जवारा के स्वामित्व एवं आधिपत्य की थी तथा वादग्रस्त भूमि उन्ही के नाम वक्त सेटलमेन्ट दर्ज की जाकर पर्चा लगान जारी किया गया था, जिस पर वर्तमान में अप्रार्थी संख्या 03 से 05 काबिज है तथा हम प्रार्थीगण के पूर्वज भगाराम सेटलमेन्ट से पूर्व ही जवारा से अलग हो गये थे, इसी कारण हमारी अलग खातेदारी दर्ज हुई थी, इसके अलावा वादग्रस्त भूमि में न तो हमारा हक हिस्सा है और न ही हमारा लेना–देना है तथा न ही मेरे चाचा हीराराम व जोधाराम का कोई हक हिस्सा है। यह प्रकरण गलतफहमी में प्रस्तुत किया गया था। लिहाजा इस प्रकरण में प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण के मध्य कोई विवाद नही होने से यह प्रकरण जरिये राजीनामा खारिज फरमाया जावे। वकील अप्रार्थी संख्या 01 व 02 को आवाज लगाई गई। अप्रार्थी संख्या 01 व 02 के वकील उपस्थित। उनका कथन है कि हस्तगत प्रकरण मूल वाद संख्या 260/2007 अनवान भोपालाराम बनाम मूमल जो अदम पैरवी में खारिज हो चुका है, के पुर्नबरामद हेतु प्रस्तुत आवेदन है। यह आवेदन मात्र वाद को पुर्नबरामद करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिसमे प्रस्तुत राजीनामा का कोई विधिक प्रावधान नही है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 03 से 05 के वकील द्वारा प्रस्तुत इस राजीनामा में अप्रार्थी संख्या 01 व 02 की कोई सहमति नही है। लिहाजा राजीनामा खारिज फरमावें। उभय पक्षों को सुनने के पश्चात पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि हस्तगत प्रकरण मूल वाद संख्या 260/2007 अनवान भोपालाराम बनाम मूमल जो अदम पैरवी में खारिज हो चुका है, के पुर्नबरामद हेतु प्रस्तुत आवेदन है। आवेदन में प्रस्तुत राजीनामा में सभी पक्षकारान उपस्थित नही	
सहायक कलेक्टर (SDO) बाड़मेर		

तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 16/2020 अनवान भोपालाराम बनाम मूमल**	नम्ब… तारी… इस हुक्… तामील…
	हुए है। अप्रार्थी संख्या 01 व 02 उक्त राजीनामा से सहमत भी नही है। सभी पक्षकारानों की सहमति के बिना प्रस्तुत राजीनामा स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत नही होता है। प्रार्थीगण इस आवेदन को जरिये विड्रो खारिज करवाने हेतु स्वंतत्र है। अतः प्रस्तुत राजीनामा खारिज किया जाता है। पत्रावली मुकर्ररा दिनांक 15.06.2021 को पेश हो। सहायक कलेक्टर (SDO) बाड़मेर	
15.6.21	वकुलाय फरीकेन उपस्थित। आज हम कोविड नियंत्रण कार्यों में व्यस्त होने से पत्रावली ईल्तवा होकर दिनांक 14/7/21 को पेश हो। सहायक कलेक्टर (SDO) बाड़मेर	
14.7.21	वकुलाय फरीकेन उप./ काहे जवाब तारीख 10.8.21 को पेश हो। सहायक कलेक्टर (SDO) बाड़मेर	
10.8.21 Not press	वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी ने प्रस्तुत आवेदन को Not press में खारिज किये जाने का निवेदन किया। अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन Not press में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलेक्टर (SDO) बाड़मेर	